दिनांक 22.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा डेंगू प्रभावित वार्डों का दौरा किया गया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने आज डेंगू प्रभावित क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का दौरा किया गया, वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद एवं वार्ड के नागरिक निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ नर्सिंग कालेज की छात्राएं एवं अन्य सामाजिक संगठनों के द्वारा रैली निकालकर घर–घर जाकर कूलर से पानी निकाले गये एवं कूलर उतारा गया साथ ही लोगों में जन जागरुकता अभियान चलाते हुए बिमारी के रोकथाम हेतु जानकारी दी गई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शासन एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी अपने–अपने प्रभार वाले वार्डों में जोन आयुक्तों के साथ वार्डों में चल रहे सफाई व्यवस्था एवं रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्य का निरीक्षण करते हुए लोगों को जागरुक करने हेतु अपील की जा रही है। श्री चौहान ने साफ–सफाई व्यवस्था, कीटनाशक दवाई/ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव, स्वास्थ्य शिविर, कीटनाशक दवाई का वितरण स्थल का निरीक्षण करते हुए वार्डों के गलियों में घुमकर नागरिकों से जन सहयोग की अपील की जा रही है जन सहयोग के माध्यम से ही इस बिमारी से निजात पा सकते हैं।

नगर निगम के सभी जोन 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 में नियमित सफाई व्यवस्था के साथ–साथ वर्तमान में इस अभियान हेतु पृथक से विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है सभी जोन आयुक्त अपने प्रभारी नोडल अधिकारी के साथ जोन अंतर्गत के वार्डों में भ्रमण करते हुए डेंगू बिमारी के रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यों का लगातार निगरानी कर रहें हैं इस कार्य में संलग्न मैदानी स्तर के कर्मचारियों के साथ सतत् सम्पर्क बनाते हुए आम जनता से अपील की जा रही है कि शासन–प्रशासन के सभी विभाग का अमला डेंगू बिमारी के रोकथाम हेतु लगातार आपके वार्डों में सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर, दवाईयों का छिड़काव, पाम्पलेट वितरण, सहित अन्य कारगर उपाय निःशुल्क किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा है ।

आयुक्त श्री चौहान ने नागरिकों से अपील की है कि घर के अंदर और आसपास पानी न जमा न होने दें, किसी भी बर्तन में लंबे समय तक पानी न रखें, पानी वाले बर्तन को ढककर रखें, कूलर का पानी हमेशा बलदते रहें, खिडकी और दरवाजे में जाली लगाकर रखें, शरीर पर मच्छर को दुर रखने वाले क्रीम लगायें, कपड़े ऐसे पहने जिससे पुरी तरह शरीर ढ़का रहें।

जनसम्पर्क अधिकारी